भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1236

सोमवार, 6 दिसम्बर, 2021 / 15 अग्रहायण, 1943 (शक)

क्षेत्रीय पीएफ कार्यालय को किसी दूसरे स्थान पर ले जाया जाना

1236. श्री खलीलुर रहमान:

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कोई जानकारी है कि जंगीपुर क्षेत्र के बीड़ी कामगार, क्षेत्रीय पीएफ कार्यालय के सबसे बड़े अंशदानकर्ता हैं;

(ख) जंगीपुर क्षत्रीय पीएफ कार्यालय को जंगीपुर से रातों-रात बहरामपुर ले जाए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार बीड़ी कामगारों के लाभार्थ क्षेत्रीय पीएफ कार्यालय को जंगीपुर ले जाने की मांग पर विचार करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क): जनवरी से अक्टूबर, 2021 के अवधि के दौरान बहरामपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत कुल 3,76,368 अंशदायी सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) थीं, जिसमें से 3,35,128 बीड़ी बनाने वाले कामगारों से संबंधित थीं। अक्टूबर, 2021 के महीने में जंगीपुर में 2,15,910 अंशदायी यूएएन थे। जंगीपुर सदर, कांडी, लालबाग़ और डोमकाल के अलावा मुर्शिदाबाद जिले के पांच उप-मंडलों में से एक है, जो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के बहरामपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आता है। बहरामपुर मुर्शिदाबाद जिले का जिला मुख्यालय भी है।

(ख) से (घ): क्षेत्रीय कार्यालय, जंगीपुर का भवन एक निजी भवन में किराए पर कार्य कर रहा था और उस भवन को राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार के उद्देश्य से तोड़ने के लिए चिह्नित किया गया था। इसके अतिरिक्त, जगह की भी कमी थी। अंचल कार्यालय, ईपीएफओ ने अपने दिनांक 12.01.2017 के पत्र द्वारा बहरामपुर नगर पालिका भवन को किराए पर लेने की सिफारिश की, जिसे ईपीएफओ द्वारा 21.04.2017 को अनुमोदित किया गया था।

******